भारत सरकार
भारी उद्योग और लोक उद्यम मंत्रालय
भारी उद्योग विभाग

लोक सभा
अतारांकित प्रश्न सं. 2512
जिसका उत्तर मंगलवार, 09 जुलाई, 2019 को दिया जाना है

घरेलू मांग को अवरूद्ध करने वाले कारक

2512. श्री विष्णु दयाल राम:

क्या भारी उद्योग और लोक उद्यम मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या सरकार की क्रय नीति में घरेलू मूल्य वृद्धि के प्रति नकारात्मक रवैया, कठोर अनुबंधगत शर्तें, सतत आयात, अप्रचलित मशीनरी का प्रयोग और उसे बदलने को प्रोत्साहित न किया जाना, प्रोजेक्ट-आयात के तहत शून्य आयात शुल्क और परियोजनाओं के कार्यान्वयन में देरी ऐसे घटक हैं जिनसे घरेलू मांग अवरूद्ध हो रही है; और

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और सरकार द्वारा इस संबंध में क्या उपचारात्मक उपाय किए गए हैं?

उत्तर
भारी उद्योग और लोक उद्यम मंत्री
(श्री अरविंद गणपत सावंत)

(क) और (ख): कैपिटल गुड्स क्षेत्र में विनिर्माण अवसंरचना को बढ़ाने और प्रौद्योगिकी विकास को मजबूत करने के लिए भारी उद्योग विभाग ने वर्ष 2014 में ''भारतीय कैपिटल गुड्स क्षेत्र में प्रतिस्पर्धात्मकता की वृद्धि'' नामक एक स्कीम की शुरुआत की। इसके बाद राष्ट्रीय कैपिटल गुड्स नीति, 2016 की शुरुआत की गई जिसमें उन पहलों का उल्लेख है जिन्हें कैपिटल गुड्स क्षेत्र में वृद्धि को तेज करने के लिए आरंभ किया जा रहा है।

*****